सराहनीय कार्य, जनपद भदोही

◆थाना गोपीगंज अन्तर्गत गंगा नदी से युवती के बरामद शव की घटना का सफल अनावरण

◆थाना गोपीगंज, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता

◆हत्या कर शव छिपाने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

◆मृतका के साथ चल रहे प्रेम-प्रसंग के कारण डरवश आरोपी ने घटना को दिया था अंजाम

◆मृतका आरोपी स्कूल टीचर से मिलने के लिए भोर में निकली थी घर से

◆आरोपी ने गला दबाकर युवती की,की थी हत्या

◆साक्ष्य छिपाने के लिए शव को नदी में फेंक दिया था

◆पंजीकृत अभियोग की शीघ्र ही वैज्ञानिक विवेचना व मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को कराया जाएगा दंडित

घटनाक्रम- दिनांक-13.04.2024 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बेरासपुर गंगा नदी से एक युवती कुमारी स्वाति सिंह पुत्री अजीत प्रताप सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र 18 वर्ष 04 माह का शव बरामद हुआ। घटना के संबंध में अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-93/2024 धारा-302, 201 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन कर शीघ्र अनावरण हेतु निर्देश दिये गये। घटना के अनावरण हेतु गठित थाना गोपीगंज, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व जांच में पाया गया कि मृतका का स्कूल टीचर ही हत्या का आरोपी है। मृतका का अपने स्कूल टीचर के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दिनांक-11.04.2024 को भोर में उससे मिलने के लिए घर से निकली थी। मुलाकात के उपरांत डरवश आरोपी स्कूल टीचर द्वारा गला दबाकर युवती की हत्या कर दिया गया एवं शव को गंगा नदी में फेंक दिया गया था।

आज दिनांक-21.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आए हत्या कर शव छिपाने के आरोपी हर्षनारायण तिवारी पुत्र विंध्यवासिनी तिवारी निवासी गोपालपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष को कौलापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में खुले राज

पूछताछ में हत्या के आरोपी स्कूल टीचर द्वारा बताया गया कि मृतका का उसके साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दिनांक 11.04.24 को भोर में मुझसे मिलने के लिए मेरे पास आई थी। मुलाकात के बाद अपने घर न जाकर मुझसे शादी के लिए कहीं भाग जाने की जिद कर रही थी। मैं डरवश गला दबाकर युवती की हत्या कर दिया तथा शव को वहीं पास में ही गंगा नदी में फेंक दिया था।

अभियुक्त का नाम व पता

हर्षनारायण तिवारी पुत्र विंध्यवासिनी तिवारी निवासी गोपालपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

01.प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज, श्री संतोष कुमार सिंह, उ0नि0 राजेश कुमार यादव, हे0कां0 मनोज यादव, हे0कां0 गुफरान व हे0कां0 चालक रामविलास थाना गोपीगंज जनपद भदोही

02.निरी. श्री श्याम बहादुर यादव प्रभारी स्वाट/एसओजी/सर्विलांस टीम, हे.का.इमरान खान, हे0का0 नरेन्द्र सिंह, हे0का0 तुफैल अहमद, हे0का0 अजय यादव, हे.का.धीरेंद्र श्रीवास्तव, हे0का0 नागेंद्र यादव, कां0 दीपक यादव, का.सुनील पाल, का.सुनील कन्नौजिया, का. गोपाल खरवार व का.प्रत्युष पाठक स्वाट टीम व हे0का0 राधेश्याम कुशवाहा सर्विलांस सेल जनपद भदोही